प्रादेशिक समाचार
08.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा का सत्र कल सोमवार से शुरू होगा। 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इधर सत्र को लेकर आज सत्ता पक्ष और विपक्ष की अलग–अलग बैठकें चल रही हैं। इन बैठकों में सत्र को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

******************

सीमा सुरक्षा बल आज साठवां स्थापना दिवस मना रहा है। यह वर्ष सीमा सुरक्षा बल का हीरक जयंती वर्ष भी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोधपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बीएसएफ के जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धाजंलि भी दी।

******************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे हैं। पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों के अलावा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के वरीय अधिकारी भी मौजूद हैं। बैठक के बाद चाईबासा परिसदन में डीजीपी एक जनसंवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।।

******************

पोलियो मुक्त भारत बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले राज्य के सात जिलों में आज से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की शुरूआत हुई। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। 10 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। उधर पाकुड़ जिले के एक हजार एक सौ ग्यारह पोलियो बूथों पर पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने पुराना सदर अस्पताल परिसर में बच्चो को दो बूंद खुराक पिलाकर इस अभियान का उद्घाटन किया।

******************

पलामू जिले में पंचकर्म विधि से इलाज की तैयारी पूरी कर ली गई है।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज और कल हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण ही कई जिलों में बारिश की संभावना है जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

******************

ओमान के मस्कट में हो रहे जूनियर एशिया कप महिला हॉकी टूर्नामेंट में आज भारत का सामना बांग्लादेश से है। प्रतियोगिता में कल ग्रुप ए के मुकाबले में चीन ने बांग्लादेश को 19–0 से पराजित किया वहीं, मलेशिया ने थाईलैंड को तीन–शून्य से हराया। ग्रुप बी में जापान ने श्रीलंका को 15–0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता में शीर्ष पांच पर रहने वाली टीमें अगले वर्ष चिली में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालिफाइं करेंगी।

******समाप्त***************